भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) का न्यूज लेटर

# BPMS NEWS

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विक्रम सम्वत् - 2080 | मासिक पत्रः अक्टूबर 2023 | पृष्ठ: 4 | दिल्ली

# BPMS की वस्त्र एवं वस्तु समिति द्वारा गूंज कैंप का आयोजन

भिवानी परिवार मैत्री संघ की वस्त्र एवं वस्तु समिति द्वारा इस माह २ बार गूंज संस्था के सहयोग से वस्त्र एवं वस्तु संग्रह शिविर लगाए गए। जिसमें भारी मात्रा में सामान एकत्रित हुआ जोकि सुदूर क्षेत्रों तक भेजा जाएगा जिससे बहुत से जरुरतमन्द लोगों का भला हो सकेगा।

आप सबसे भी आग्रह है कि आपके पास भी घर का कोई भी सामान हो जोकि आपके लिए अनुपयोगी हो (कपडे, दवाइयाँ, चादर, जूते, बर्तन, स्कूल मटेरियल, राशन विशेषकर गर्म कपड़े) हम तक पहुंचाएं ताकि जो सामान आपके लिए अनुपयोगी है वो जरुरतमन्द लोगों तक पहुँच सके।
















# श्री पहाड़ी माता का मंगलपाठ एवं संकीर्तन

## षष्ठम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास के संस्थापक परम श्रद्धेय गौऋषि स्वामी दत्तशरणानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा स्थित बत्रा टेंट में श्री पहाड़ी वाली माता के मंगल पाठ एवं संकीर्तन का षष्टम वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन दिनांक 24 सितंबर को बड़े ही हर्षोल्लास और विधि विधान एवं आस्था के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की बहुत सुंदर व्यवस्था की गई थी।



इस कार्यक्रम का आयोजन 31 परिवारों के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकीर्तन करने वाले गायकों में नरेश नरसी (फतेहाबाद), प्रिंस जैन एवं सुभाष रिठालिया (नरेला) उपस्थित रहें। मंगल पाठ का वाचन गुरप्रीत सिंह और सुश्री रानी कौर द्वारा किया गया।









कार्यक्रम के गणमान्य व्यक्तियों में श्री महेंद्र गोयल विधायक रिठाला, खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम गुप्ता जावेरी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री पवन सिंघल, राष्ट्रीय मंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद गोयल, युवा वाइस चेयरमैन श्री विनय सिंघल, श्री आलोक सिंघल, श्री हंसराज रल्हन चेयरमैन सांस्कृतिक समिति, श्री राजेश गोयल ने भी श्री पहाड़ी माता का आशीर्वाद लिया।





## भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा रक्तदान शिविर

भिवानी परिवार मैत्री संघ की स्वास्थ्य समिति ने लॉयन्स क्लब शालीमार बाग के साथ मिलकर ६ सितंबर २०२३ को एक "रक्तदान शिविर" का आयोजन जापानी पार्क, रोहिणी में किया। जिसमे बड़ी मात्रा में लोगों ने हिस्सा लिया और १०० से ज्यादा यूनिट इकठ्ठा हुई।






भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) की मुख्य मासिक पत्रिका
BPMS NEWS
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्
सम्पादक
जगत नारायण भारद्वाज
सह-सम्पादक
सुनीता शर्मा व मनीष गोयल
प्रबंध-सम्पादक
सुश्री मंजीत मरवाहा
कार्यालय
भिवानी परिवार मैत्री संघ, पंजीकृत (BPMS)
BPMS Library, प्रशांत विहार रोड, नजदीक सीता अपार्टमेंट, सेक्टर 14, रोहिणी, दिल्ली-85
दूरभाष : 9999305530, E-mail: admin@ebhiwani.com
http://www.ebhiwani.com

# निःशुल्क नेत्र जांच, ऑप्रेशन व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 5.0






भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा पिछले चार माह से हर माह के तीसरे बुधवार को स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर प्रांगण में लगाए जाने वाले आंखों की जांच व मोतियाबिंद निःशुल्क लैंस ऑप्रेशन व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के पांचवें शिविर में 378 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। नेत्र ऑप्रेशन के लिए 75 व कैंसर इलाज के लिए 40 से अधिक मरीजों का चयन कर उन्हे इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर गुरूग्राम व कैंसर के लिए राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सैंटर दिल्ली ले जाया गया। इस माह का कैंप डॉलर फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित किया गया। आपका हृदय से आभार।














## जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं



5 OCT
श्री नरेश कुमार जैन
(संरक्षक)




9 OCT
भिवानी गौरव
श्री महावीर अग्रवाल



12 OCT
श्री संजय अग्रवाल
(संरक्षक)




17 OCT
श्री राज कुमार सिंघल
(संरक्षक)



19 OCT
श्री अनिल सर्राफ
(संरक्षक)



21 OCT
श्री सुरेश शर्मा
(कार्यकारिणी BPMS)



23 OCT
भिवानी गौरव
प्रो संजीव मित्तल



27 OCT
श्री अशोक कुमार
(संरक्षक)



29 OCT
श्री अरूण गोयल
(संरक्षक)

## स्मृति शेष

भिवानी परिवार
दिवंगत आत्मा के प्रति
श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए
परिवार के सदस्यों
के प्रति अपनी
संवेदना व्यक्त करता है।।



Adv. CA
Shri K.K Gupta

## "नई पीढ़ी"



शिल्पा गुप्ता अग्रवाल
गुरूग्राम

पीढ़ी दर पीढ़ी
बिगड़ी नई पीढ़ी

मेहनत के पथ से भटकी पीढ़ी
जुएं के लत में लटकी पीढ़ी

पीढ़ी न चढ़ी सीढ़ी, गिरी पीढ़ी
Celebrity, YouTube के जाल में फंसती पीढ़ी
मोहमाया में त्यागा जीवन, मत्त पर छा गए काले बादल
नए नए जालों में फसे पीढ़ी
Social Media की ग्रे दुनिया में
आसानी से भटकती पीढ़ी

बिन मेहनत के मांगे रुपया
I Phone के लिए बिकती पीढ़ी
चली चाल कुछ बेगरतों ने
घर संसार न जाने पीढ़ी
AI Easy money के जाल में फसती पीढ़ी
किताबों की कीमत को भूलती पीढ़ी
पीढ़ी दर पीढ़ी, बिगड़ी पीढ़ी



विद्यामार्तण्ड पंडित
सीताराम शास्त्री

आपका जन्म गांव जागवास, जिला अलवर(राजस्थान) में पंडित डेडराज के यहां हुआ। आपके माता पिता संस्कृत के परम विद्वान थे,इसी कारण से आपमें भी संस्कृत का संस्कार स्वत:आ गया था।शिक्षा के प्रति सर्वस्वसमर्पण, राष्ट्रभक्त, वैज्ञानिक, कलाकार, दूरदर्शी ज्योतिषविद्, स्वाभिमानी, अछूतोधारक की एकात्म मूर्ति विद्यामार्तण्ड प. सीताराम शास्त्री का आज भी संस्कृत के प्रकांड विद्वान परमश्रद्धा से नाम लेकर अपनी वाणी को गौरवान्वित अनुभव करते हैं।गीताप्रेस गोरखपुर के कल्याण अंक में भारत के पांच संस्कृत विद्वानों में एक आपका चित्र प्रकाशित हुआ था।किसी कारणवश श्री सनातन धर्म संस्कृत पाठशाला छोड़ कर आपने सन १९११ में कुछेक शिष्यों के साथ महम गेट के समीप शमशानभूमि के पास एक वटवृक्ष के नीचे विद्या प्रदान करने का निश्चय किया। दिनांक २५ फरवरी १९१२ को आपने ब्रह्मचर्याश्रम की विधिवत स्थापना की। आपने अपने समय में एक लकड़ी की गाड़ी बनाई, जो यांत्रिक प्रक्रिया से चलती थी।आप एक कुशल चित्रकार भी थे, आपने एक कपड़े पर पूरे ब्रह्मांड का चित्र बनाया था,जो आध्यात्म की एक अनुपम कृति थी। सृजन की इन दोनों निर्मितियों की विद्वानों ने खूब प्रशंसा की थी।उस समय इन बातो की चर्चा चारों ओर फैल गई थी।

महामना पंडित मदनमोहन मालवीय जी ने उत्तर भारत के संस्कृत आश्रमों की प्रशंसा में भिवानी के ब्रह्मचर्याश्रम की प्रशंसा मुक्तकंठ से की थी।आप उच्चकोटि के लेखक भी थे।आपने यास्क कृत निरुक्त की बहुत ही सरल भाषा में व्याख्या की थी।ये व्याख्या तीन खंडों में छपी थी।दूसरे खंड में अपने निरूक्त से संबंधित अनेक प्रश्नों के व्यावहारिक उत्तर दिए हैं। यह संस्कृत विद्वानों में खूब सराही गई थी। ब्रह्मचर्याश्रम में एक बहुत सुन्दर यज्ञशाला का निर्माण इन्होंने कराया था। सन १९०४ में आप दलितोंद्धार के उद्देश्य से लालटेन लेकर पतराम गेट के बाहर हलवास गेट के क्षेत्र में पिछड़ों को पढ़ाने जाया करते थे। पूज्य जीतू जी इनके परम शिष्यों में से एक थे। उस समय के समाचार पत्रों में यह समाचार प्रमुखता से छपा था। उत्तर भारत में आपके शिष्यों की आज भी लंबी परंपरा है।भिवानी के अनेक पंडितों को इस आश्रम में पढ़ने का गौरव प्राप्त था।

आज इनके द्वारा निर्मित ब्रह्मचर्याश्रम में आधुनिक शिक्षा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।



जगत नारायण भारद्वाज

## बीपीएमएस की सेवा समितियां

| समिति | प्रभारी | चेयरमैन |
|---|---|---|
| मैट्रीमोनियल समिति | श्री राजेश चेतन | श्री सुनील बंसल |
| कैंसर केयर समिति | श्री दिनेश गुप्ता | श्रीमती मीनाक्षी गर्ग |
| वस्तु-वस्त्र समिति | श्री संजय जैन | श्री संजय गुप्ता |
| बिजनेस पाठशाला | श्री प्रमोद शर्मा | श्री सचिन मेहता |
| पर्यावरण समिति | श्री सुशील गनोत्रा | श्रीमती पूजा बंसल |
| अपना घर आश्रम समिति | श्री हंसराज रलहन | श्री सांवरमल गोयल |
| अंगदान-नेत्रदान समिति | श्री सुनील अग्रवाल | श्री एन आर जैन |
| शिक्षा समिति | श्री पवन मोडा | श्री संजय जैन |
| टुरिज़्म समिति | श्री मनीष गोयल | श्री उमेश मित्तल |
| स्वास्थ्य समिति | श्री विनय सिंघल | श्री वरुण मित्तल |

## चेतन वाणी



कवि राजेश चेतन

शेर सवारी हे महतारी जगदम्बा
गौरी दुर्गा कारी कारी जगदम्बा

नवरात्र में पूजन आराधन करते
सारा जग माँ है बलिहारी जगदम्बा

बावन पीठों से माता हरदिन गूंजे
जय जय जयकार तुम्हारी जगदम्बा

त्रिपुरारी से ब्याह रचाया शक्ति ने
भोले बाबा को है प्यारी जगदम्बा

घर घर में है रूप तुम्हारा कंचक में
गूंज रही बनकर किलकारी जगदम्बा

दुष्टों का संहार किया हरदम मैया
आओ फिर से सिंह सवारी जगदम्बा

लव जिहाद में फंसी बेटियां चीख रही
दर दर घूमें ये दुखियारी जगदम्बा

आतंकी भी घात लगाये बैठे हैं
धर्म युद्ध है उनसे जारी जगदम्बा

पाठकों: इस पत्रिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं।
आपकी प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित हैं।
संपर्क: 9999305530,
admin@ebhiwani.com

## व्रत-त्योहार अक्टूबर 2023

- पितृपक्ष (महालय) समाप्त : शनिवार 14 अक्टूबर
- शारदीय नवरात्र प्रारंभ : रविवार 15 अक्टूबर
- दुर्गाष्टमी, महाष्टमी : रविवार 22 अक्टूबर
- विजयदशमी (दशहरा) : मंगलवार 24 अक्टूबर
- शरद पूर्णिमा : शनिवार 28 अक्टूबर